लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 283

21 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

'ग्रेट' योजना

283. **श्री विजय कुमार दूबे:**
श्री बंटी विवेक साहू:
श्रीमती रूपकुमारी चौधरी:
श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:
डॉ. हेमांग जोशी:
श्री नव चरण माझी:
श्री भर्तृहरि महताब:
श्री गोडम नागेश:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तकनीकी वस्त्र क्षेत्र में ग्रांट फॉर रिसर्च एंड एंटरप्रेन्योरशिप अक्रॉस एस्पायरिंग इनोवेटर्स इन टेक्निकल टेक्सटाइल्स (ग्रेट) योजना के आरंभ के बादसे इसके तहत हुई प्रगति का विशेषकर आंध्र प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजना के तहत सहायता प्राप्त स्टार्टअपों, नवोन्मेषकों और शैक्षणिक संस्थाओं की संख्या कितनी है और इसके साथ ही प्रदान की गई वित्तीय सहायता का आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले सहित ओडिशा, छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश का राज्य-वार/जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इस योजना के तहत प्रोटोटाइप विकास और व्यावसायीकरण के लिए पहचाने गए प्रौद्योगिकी क्षेत्रों का राज्य और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस संबंध में आंध्र प्रदेश, विशेषकर पलनाडु जिले से किसी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) तकनीकी वस्त्र क्षेत्र में स्टार्टअप के लिए नवाचार, उद्योग-अकादमिक साझेदारी और वैश्विक बाजार तक पहुंच को मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों का आंध्र प्रदेश सहित राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(च) क्या सरकार का प्रस्ताव ग्रेट योजना के तहत पलनाडु जैसे उभरते जिलों के संस्थानों और उद्यमियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) क्या सरकार छिंदवाड़ा जिले के पारंपरिक वस्त्र शिल्प, कपड़ा निर्माण केंद्रों और सथानीय युवाओं को इस आधुनिक ग्रेट योजना से जोड़ने के लिए विशेष प्रोत्साहन प्रदान कर रही है ताकि नए स्टार्टअप स्थापित किए जा सकें और इस क्षेत्र में तकनीकी वस्त्रों के लिए एक हब विकसित किया जा सके?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) : वस्त्र मंत्रालय युवा इनोवेटर्स वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों और स्टार्ट-अप उद्यमों को अपने विचारों को वाणिज्यिक प्रौद्योगिकियों और उत्पादों में बदलने में सहायता प्रदान करके तकनीकी वस्त्र क्षेत्र में स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए, वर्ष 2023 से राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीएमएम) के तहत "तकनीकी वस्त्रों में आकांक्षी इनोवेटर्स को अनुसंधान और उद्यमिता के लिए अनुदान (ग्रेट)" योजना का कार्यान्वयन कर रहा है। अपनी शुरुआत से, ग्रेट योजना के तहत कुल 31 स्टार्ट-अप्स को 15.40 करोड़ रुपये की कुल लागत पर मंजूरी दी गई है, जिसमें से 13.65 करोड़ रुपये भारत सरकार का हिस्सा है। ग्रेट योजना के तहत अनुमोदित स्टार्ट-अप्स का राज्य-वार विवरण निम्नानुसार है:

राज्य/केंद्र	**स्वीकृत स्टार्ट-अप परियोजनाओं की संख्या**
आंध्र प्रदेश	1
दिलली	5
गुजरात	4
कर्नाटक	2
महाराष्ट्र	7
पंजाब	1
राजस्थान	1
तमिलनाडु	6
उत्तर प्रदेश	3
उत्तराखंड	1
कुल	**31**

(ख): ग्रेट योजना, एनटीटीएम के तहत अनुमोदित वित्तीय सहायता के साथ स्टार्ट-अप्स का राज्य-वार विवरण निम्नानुसार है:

राज्य/केंद्र शासित प्रदेश	जिला	स्टार्ट-अप की संख्या	भारत सरकार सहायता (रुपए में)
आंध्र प्रदेश	गुंटूर	1	4,500,000
दिल्ली	दिल्ली	5	2,30,00,000
गुजरात	अहमदाबाद	2	90,00,000
	गांधीनगर	1	44,88,188
	सूरत	1	45,00,000
कर्नाटक	बेंगलूरु	2	95,00,000
महाराष्ट्र	मुंबई	2	90,00,000
	नासिक	1	50,00,000
	पुणे	2	74,25,000
	रायगढ़	1	45,00,000
	ठाणे	1	45,00,000
पंजाब	रूपनगर	1	50,00,000
राजस्थान	धौलपुर	1	45,00,000
तमिलनाडु	चेन्नई	1	42,12,000
	इरोड	1	44,78,400
	नीलगिरी	1	45,00,000
	तिरूपुर	1	38,25,800
	तंजौर	2	66,58,200
उत्तर प्रदेश	कानपुर	1	45,00,000
	गाज़ियाबाद	2	90,00,000
उत्तराखंड	रुड़की	1	45,00,000

एनटीटीएम के तहत "निजी और सावर्जनिक संस्थानों के लिए तकनीकी वस्त्र में शैक्षणिक संस्थानों को सक्षम करने के लिए सामान्य दिशानिर्देश" के तहत समर्थित शैक्षणिक संस्थानों का राज्य-वार विवरण निम्नानुसार है:

राज्य	जिला	शिक्षा संस्थान की स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या	अनुमोदित अनुदान
आंध्र प्रदेश	गुंटूर	1	10,00,00,000
असम	कामरूप	1	3,10,00,000
बिहार	पटना	1	29,66,000
दिल्ली	दक्षिण पश्चिम दिल्ली	1	10,00,00,000
गुजरात	अहमदाबाद	3	26,45,00,000
जम्मू और कश्मीर	जम्मू	1	6,39,10,000
झारखंड	पश्चिम बर्धमान	1	2,50,00,000
कर्नाटक	मंगलुरु	1	15,50,00,000
मध्य प्रदेश	इंदौर	2	9,20,00,000
महाराष्ट्र	मुंबई	3	10,75,00,000
	सांगली	1	6,37,81,550
	कोल्हापुर	1	6,19,30,000
पुद्दुचेरी	कराईकल	1	8,47,20,000
पंजाब	जालंधर	1	1,66,00,000
	अमृतसर	1	4,22,78,600
	कपूरथला	1	50,00,000
	रूपनगर	1	10,00,00,000
राजस्थान	टोंक	1	50,00,000
	भीलवाड़ा	1	2,50,00,000
	झुनझुनू	1	3,64,70,000

	चेन्नई	1	10,00,00,000
	नामक्कल	2	10,39,94,545
	कोयम्बटूर	6	22,60,60,990
	सलेम	1	4,44,36,195
	तिरुचिरापल्ली	1	1,97,49,500
	चेंगलपट्टू	1	1,79,35,000
	वेल्लोर	1	2,14,32,667
	डिंडीगुल	1	2,40,08,776
तमिलनाडु	तिरुपति	1	2,83,00,000
तेलंगाना	रंगारेड्डी	1	1,33,25,029
	गौतम बुद्ध नगर	1	2,16,08,500
	भदोही	1	28,73,300
उत्तर प्रदेश	वाराणसी	1	1,04,25,754
	मुर्शिदाबाद	1	3,04,72,930
	हुगली	1	10,21,96,165
पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	1	78,61,532

(ग और घ): एनटीटीएम के तहत ग्रेट योजना पूरे देश में क्रियान्वित की जाती है और इस योजना के तहत अनुमोदित स्टार्ट-अप में उन्नत फंक्शनल टेक्सटाइल्स जैसे टेम्प्रेचर रेस्पोंसिव और सेलफ सेनिटाइजिंग फैब्रिक्स, ग्राफीन-आधारित सामग्री वाले स्मार्ट टेक्सटाइल्स, एनर्जी हारवेस्टिंग फैब्रिक्स, स्वास्थ्य सेवा के लिए शेप-मेमोरी वियरेबल्स, ऑटोमोटिव, निर्माण और रक्षा अनुप्रयोगों के लिए उच्च निष्पादन वाले कंपोजिट के प्रौद्योगिकी डोमेन का एक विस्तृत स्पेक्ट्रम शामिल है। इनमें हेम्प-बायोप्लास्टिक कंपोजिट, बायोडिग्रेडेबल टायर यार्न और एल्गि-डेराइव्ड चमड़े जैसे सस्टेनेबल, बायो-बेस्ड इनोवेशन्स के साथ-साथ सर्जिकल सिमुलेटर और एंटीमाइक्रोबियल टेक्सटाइल प्रौद्योगिकियों सहित चिकित्सा और स्वास्थ्य देखभाल समाधान भी शामिल हैं।

आंध्र प्रदेश के संबंध में, गुंटूर जिले से एक प्रस्ताव को ग्रेट योजना के तहत मंजूरी दी

गई है। उक्त योजना के तहत पालनाडु जिले से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ङ): राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीएमएम) के तहत, सार्वजनिक कार्यक्रम, कार्यशालाएं, प्रदर्शनियां, सेमिनार और आउटरीच गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इन पहलों का उद्देश्य मिशन के विभिन्न घटकों को बढ़ावा देना है और शोधकर्ताओं और स्टार्ट-अप को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने और खरीदारों और विक्रेताओं सहित उद्योग हितधारकों के साथ जुड़ने के लिए एक मंच प्रदान करना है, ताकि अनुसंधान परिणामों और संभावित स्टार्ट-अप परियोजनाओं को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

(च और छ): राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन एक अखिल भारतीय मिशन है। ग्रेट योजना के तहत, प्रत्येक अनुमोदित स्टार्ट-अप को अधिकतम 50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह योजना देश भर में तकनीकी वस्त्र क्षेत्र में पात्र स्टार्ट-अप के लिए खुली है, जिसमें पलनाडु और छिंदवाड़ा जिले के स्टार्ट-अप भी शामिल हैं।

******